Title: Need to open a 'Sainik School' in Mahendragarh Parliamentary constituency, Haryana.

डॉ.(श्रीमती) सुधा यादव (महेन्द्रगढ़) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र महेन्द्रगढ़ (हरियाणा) एक सैनिक बाहुल्य क्षेत्र है और इस क्षेत्र के लाखों नौजवान सेना में भर्ती हैं तथा एक लाख से अधिक इस क्षेत्र में सेवानिवृत्त सेना अधिकारी और सैनिक हैं। लेकिन इन सैनिकों के बच्चों के लिये इस क्षेत्र में कोई भी सैनिक स्कूल नहीं है, जिसके कारण यहां के सैनिकों के बच्चों को उचित शिक्षा की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। वर्ा 1983 में तत्कालीन रक्षा मंत्री जी ने इस क्षेत्र में एक सैनिक स्कूल खोलने की घोाणा की थी, लेकिन अब तक इस संबंध में कोई उचित कार्यवाही नहीं हुई जबकि सैनिक स्कूल खोलने के लिये क्षेत्र की एक ग्राम पंचायत ने 300 एकड़ भूमि भी देने का प्रस्ताव कर दिया था। यहां के सैनिक तथा भूतपूर्व सैनिक स्कूल खोलने की लगातार मांग करते आ रहे हैं और मैंने भी इस संबंध में काफी प्रयास किये हैं। मुझे ज्ञात हुआ है कि राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में एक प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा गया है।

अत: मैं आपके माध्यम से रक्षा मंत्री महोदय से आग्रह करना चाहती हूं कि महेन्द्रगढ़ (हरियाणा) सैनिक बाहुल्य क्षेत्र होने के नाते इस क्षेत्र में एक सैनिक स्कूल खोलने के लिये उचित कार्यवाही के आदेश पारित करने का कट करें।